एम0एल0के0(पी0जी0) कालेज, बलरामपुर

दिनांक 08.01.2025

आवश्यक सूचना

नव स्थापित माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के जनपद बलरामपुर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण, सम्बन्धित महाविद्यालयों के पुरातन छात्र एवं शहर के प्रबुद्धजनों तथा बलरामपुर जनपद के इण्टरमीडिएट कालेजों के शिक्षकगणों को सूचित किया जाता है कि माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के प्रतीक चिन्ह Logo (Emblem) एवं कुलगीत का निर्माण कर महाविद्यालय के वेबसाइट mlk.college1955@gmail.com पर दिनांक 24.01.2025 तक प्रेषित करें अथवा उक्त तिथि तक कार्यालय में डॉ0 राज कुमार चौहान को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजयी प्रतिभागियों को महाविद्यालय द्वारा सूचित किया जायेगा तथा प्रथम स्थान प्राप्त लोगो एवं कुलगीत को विश्वविद्यालय के कुलसचिव को प्रेषित किया जायेगा।

विश्वविद्यालय के प्रतीक चिन्ह Logo (Emblem) हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसका दिशा–निर्देश निम्नवत् है –

i. प्रतिभागियों को अपने डिजाइन 10 इंच X 10 इंच के वृत्तहीन आकार में बनाने होंगे। डिजाइन में अधिकतम तीन रंगों का प्रयोग किया जाना है।

ii. इस डिजाइन में माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के लिए सूत्र वाक्य संस्कृत भाषा में हो एवं सरलता से पठनीय तथा सर्वाग्राही हो।

iii. सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो से अनुरोध है कि महाविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता कराएं तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के लोगो का चयन करें। प्रतिभागियों की प्रथम श्रेणी के लोगो की प्रतिष्टियाँ दिनांक 24.01.2025 तक इस महाविद्यालय को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

iv. माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के स्तर पर एक त्रिसदस्यीय समिति द्वारा प्रतिभागियों की प्रथम श्रेणी के लोगो की प्रतिष्टियों में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के लोगो का चयन किया जायेगा।

v. विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के लोगो को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार क्रमशः रू0 5000, 3000 व 2000 की प्रोत्साहन धनराशि तथा प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग के इच्छुक अभ्यर्थी अपने लोगो व डिजाइन के पीछे अपना नाम, पता व मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित करें। शिक्षक एवं छात्र/छात्रायें डिजाइन के साथ अपने संस्थान के परिचय पत्र की फोटोप्रति अवश्य संलग्न करें।

(प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय)
प्राचार्य